देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 18.11.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में योग, आयुर्वेद और ध्यान केंद्रों का विस्तार ब्लॉक स्तर तक करने पर जोर दिया। हर विकास खंड में एक "आध्यात्मिक गाँव" विकसित करने के दिए निर्देश।
- प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग अधिकारियों के 587 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू; ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 17 दिसंबर।
- हरिद्वार में 2027 में होने वाले कुंभ मेले की तैयारियां शुरू। मेलाधिकारी सोनिका ने कहा— अधिकांश कार्यों की टेंडर प्रक्रिया जारी।
- रुद्रप्रयाग ज़िले में स्थित द्वितीय केदार मद्महेश्वर मंदिर के कपाट आज शीतकाल के लिए बंद कर दिये जाएंगे।

वर्चुअल बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में योग, आयुर्वेद और ध्यान केंद्रों का विस्तार ब्लॉक स्तर तक करने पर जोर दिया है। उन्होंने हर विकास खंड में एक "आध्यात्मिक गाँव" विकसित करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली स्थित उत्तराखण्ड निवास से राज्य के सभी जिलाधिकारियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर विभिन्न विकास कार्यों और तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने उत्तराखण्ड को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में विकसित करने की दिशा में काम तेज करने पर जोर दिया।

बैठक के दौरान श्री धामी ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम में चिन्हित गांवों में होमस्टे, स्वरोजगार, कृषि, औद्यानिकी और सौर ऊर्जा गतिविधियों की नियमित निगरानी पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने सीमा से लगे गांवों को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने शीतकालीन यात्रा तथा बारहमासी पर्यटन की तैयारियां तेज करने को कहा और के०एम०वी०एन व जी०एम०वी०एन को विशेष छूट पैकेज तैयार कर लागू करने के निर्देश दि ए।

उन्होंने जिलाधिकारियों को सी०एस०आर फंड का व्यापक उपयोग करने, प्रमुख स्थानों पर अलाव, रैन बसेरा और बर्फ हटाने की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा यात्रा मार्गों पर कचरे का उचित निस्तारण करने को कहा।

भर्ती प्रक्रिया

प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग अधिकारियों के 587 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने इसके लिए भर्ती विज्ञापन जारी करते हुए अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 17 दिसंबर तय की गई है।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए तेजी से मानव संसाधन उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में 287 चिकित्सकों और 180 महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। इसी क्रम में अब नर्सिंग अधिकारियों के 587 पदों पर भर्ती विज्ञापन जारी किया गया है, जिनमें हरिद्वार और पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेजों के 480 पद और 107 बैकलॉग पद शामिल हैं।

नर्सिंग अधिकारी के लिए ऑनलाइन आवेदन 27 नवंबर 2025 से शुरू होंगे। भर्ती में महिला डिप्लोमाधारकों के लिए 336 पद, महिला डिग्रीधारकों के लिए 144 पद, पुरुष डिप्लोमाधारकों के लिए 75 पद और पुरुष डिग्रीधारकों के लिए 32 पद निर्धारित किए गए हैं।

डॉक्टर रावत ने कहा कि इन नियुक्तियों से राजकीय मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और मरीजों की देखभाल में और सुधार होगा।

राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार

केंद्र सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार 2025 के विजेताओं की घोषणा कर दी है। यह पुरस्कार पशुधन और डेयरी क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान माना जाता है।

चंपावत जिले के प्रदीप पंगरिया को पूर्वोत्तर हिमालयी श्रेणी के लिये इस वर्ष के सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान के रूप में चुना गया है। वहीं, इसी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ डेयरी सहकारी समिति,दूध उत्पादक कंपनी व डेयरी किसान उत्पादक संगठन के रूप में ऊधमसिंह नगर की कुल्हा दूध उत्पादक सहकारी समिति का चयन किया गया है।

अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव– 2025 का कर्टेन रेज़र

रुड़की स्थित केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान में भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव– 2025 का कर्टेन रेज़र कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष विज्ञान महोत्सव का आयोजन पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मीटिरियोलॉजी, पुणे नोडल संस्थान है। महोत्सव 6 से 9 दिसंबर तक पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में होगा। इसकी थीम "विज्ञान से समृद्धि रू आत्मनिर्भर भारत" रखी गई है।

वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. डी. पी. कानूनगो ने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, शिक्षकों, छात्रों और नीति–निर्माताओं को एक मंच पर लाकर सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देना है। मुख्य अतिथि डॉ. आशीष रतूड़ी ने कहा कि विज्ञान राष्ट्रीय विकास और नवाचार की नींव है और युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना ज़रूरी है।

उत्तराखण्ड गौरव सम्मान–2025

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल मुख्यमंत्री आवास में प्रख्यात हिन्दी साहित्यकार शैलेश मटियानी को प्रदत्त "उत्तराखण्ड गौरव सम्मान पुरस्कार–2025" उनके पुत्र राकेश मटियानी को प्रदान किया। यह सम्मान स्वर्गीय मटियानी की साहित्यिक उपलब्धियों, हिन्दी कहानी जगत में उनके अमूल्य योगदान और उत्तराखंड की सांस्कृ तिक विरासत को सशक्त पहचान दिलाने के लिए दिया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि शैलेश मटियानी केवल एक साहित्यकार नहीं, बल्कि संवेदनाओं के कुशल शिल्पी थे। आधुनिक हिन्दी कहानी आंदोलन में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने आम जनमानस की पीड़ा, संघर्ष, और जीवन–सत्य को जिस प्रभावशाली शैली में प्रस्तुत किया, वह उन्हें भारतीय साहित्य के श्रेष्ठ रचनाकारों की पंक्ति में स्थापित करता है।

तैयारियां

हरिद्वार में 2027 में होने वाले कुंभ मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। कुंभ मेला अधिकारी सोनिका ने बताया कि मेले को दिव्य और भव्य रूप से आयोजित करने के लिए स्थायी कार्यों पर बजट का 70 प्रतिशत खर्च किया जाएगा और अधिकांश कार्यों की टेंडर प्रक्रिया जारी है। कई निर्माण कार्य शुरू भी किए जा चुके हैं। मेला अधिकारी ने कहा कि सभी कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएंगे, जिसके लिए थर्ड पार्टी जांच की व्यवस्था की गई है। जाम की समस्या से निपटने के लिए पार्किंग स्थलों की पहचान की जा रही है और मेला क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चल रहा है। उन्होंने बताया कि दिव्य कुंभ के लिए आमजन, व्यापारियों और अन्य स्टेकहोल्डर्स से सुझाव भी लिए जा रहे हैं।

मद्महेश्वर कपाट बंद

रुद्रप्रयाग ज़िले में स्थित द्वितीय केदार मद्महेश्वर मंदिर के कपाट आज सुबह आठ बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिये जाएंगे। इसके बाद भगवान मद्महेश्वर की चलविग्रह उत्सव डोली 21 नवंबर को अपने शीतकालीन प्रवास स्थल ओकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ पहुंचेगी।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

उत्तराखंड में तीन साल में बने स्थायी प्रमाण पत्रों की जांच के आदेश– हिन्दुस्तान समाचार पत्र इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली से राज्य के पुलिस अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर दिए निर्देश।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से अमर उजाला लिखता है– हर ब्लॉक में किया जाएगा आध्यात्मिक गांव विकसित, पायलट प्रोजेक्ट के रूप में गांवों के चयन के निर्देश।

देहरादून में हड़ताल पर अड़े अधिवक्ता, चैंबर निर्माण की मांग पर अडिग– दैनिक जागरण इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है धरना प्रदर्शन कर रहे वकीलों से मिले डीएम और एसएसपी, आज होगी अहम बैठक, आगे की रणनीति पर होगी चर्चा।

उत्तराखंड में घर जमीन खरीदना हुआ महंगा– हिन्दुस्तान समाचार पत्र की शीर्षक है। समाचार पत्र के अनुसार– सरकार ने वित्त एवं स्टांप विभाग द्वारा लिया जाने वाले रजिस्ट्रेशन शुल्क को किया दोगुना, अब रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में 25 हजार की बजाय चुकाने होंगे 50 हजार रूपये।

देहरादून में 16 करोड़ से दुरुस्त होगा नंदा की चौकी का पुल– दैनिक जागरण इस शीर्षक के साथ लिखता है– 15 सितंबर को आई भारी बारिश में क्षतिग्रस्त हुआ था पुल, डीपीआर को मंजूरी मिलते ही आमंत्रित किए गए टेंडर, जल्द मिलेगी आमजन को राहत।